कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री सुरेश कुमार टांक, मकान नं. 82, सीताराम बाजार, ब्रह्मपुरी जयपुर 302002

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, रामगढ पचवारा जिला दौसा

अपील संख्या 99/2021

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 30.12.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, रामगढ पचवारा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को बांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, रामगढ पचवारा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/ सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, रामगढ पचवारा जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, रामगढ पचवारा जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्र कमांकः डी0एम0/कोर्ट/2021/2867 दिनांक 16.12.2021 के द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, रामगढ पचवारा जिला दौसा द्वारा पत्र कमांकः भू0अ0/2021/1908 दिनांक 28.12.2021 के द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। जिसके द्वारा अवगत कराया है कि आवेदक को चाही गई सूचना पत्र कमांकः 1815 दिनांक 13.12.2021 के द्वारा उपलब्ध करा दी गई है। इससे स्पष्ट है कि आवेदक को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(पीयुष समरिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर, दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा